# तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊं भजन लिरिक्स

तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊं,

मेरे श्याम धणी सरकार,
दुनिया से गई मैं हार,
ना दुःख अब सह पाऊं,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ।bd।

तर्ज – मैं तेरा जो जाऊँ।

---

दुनिया की सताई बाबा,
दिन रात में रोती हूँ,
रो रो के अँसुअन से,
बाबा मुखड़ा धोती हूँ,
मेरी सुन लो करूण पुकार,
हे बाबा लखदातार,
ना अब मैं सो पाऊं,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ।bd।

---

झूठा है जग सारा,
मतलब के नाते हैं,
जब तक जेब में पैसा,
सब साथ निभाते हैं,
ये मोह माया जंजाल,
बाबा रख ले मेरा ख्याल,
सफल मैं हो जाऊं,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ।bd।

---

हारे हुए को बाबा,
तुमने ही जिताया है,
याद करे जो तुझको,
तूने साथ निभाया है,
'मोना प्रिंस' को बाबा तार,
हे लीले के असवार,
दर्श तेरा पाऊं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ।bd।

मेरे श्याम धणी सरकार,
दुनिया से गई मैं हार,
ना दु:ख अब सह पाऊं,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊं,
तू पकड़ ले मेरा हाथ तेरी मैं जाऊँ।bd।

**Singer & Writer – Mona (Shyam Diwani)**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com